**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3011 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**तमिलनाडु राज्य में समुद्री अवसंरचना का विस्तार**

† 3011. श्री दयानिधि मारन :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु राज्य में समुद्री अवसंरचना के विस्तार के लिए क्या विशिष्ट पहल की गई है और कितना निवेश किया गया है;

(ख) क्या तमिलनाडु में मंत्रालय का 80 लाख करोड़ रुपए के निवेश दृष्टिकोण के भाग के रूप में अतिरिक्त पत्तनों, छोटे पत्तनों या टर्मिनलों के निर्माण का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा तमिलनाडु में पत्तनों को वैश्विक व्यापार मार्गों में शामिल करने और राज्य को व्यापार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का विचार है;

(घ) सरकार 2030 तक भारत के समुद्री क्षेत्र में अग्रणी बनने के लक्ष्य में तमिलनाडु के योगदान की किस प्रकार से अभिकल्पना करती है;

(ङ) क्या राज्य की रणनीतिक स्थिति और इस लक्ष्य के लिए आवंटित संसाधनों का लाभ उठाने के लिए उक्त राज्य में कार्यान्वयन हेतु किसी परियोजना पर विचार किया जा रहा है; और

(च) तमिलनाडु में निर्यातकों के लिए लागत कम करने और संचार तंत्र में सुधार के लिए क्या उपाय योजनाबद्ध हैं?

उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क), (ख), (ग) और (ङ ):** सागरमाला कार्यक्रम, भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा और 14,500 कि.मी. संभाव्य नौचालन जलमार्गों तथा प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों पर सामरिक अवस्थान का उपयोग करते हुए देश में पत्तन- आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और

जलमार्ग मंत्रालय की फ्लैग शिप योजना है। सागरमाला कार्यक्रम के भाग के रूप में, पत्तन आधुनिकीकरण, पत्तन संपर्कता, पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण, तटीय सामुदायिक विकास तथा तटीय पोत परिवहन और अंतर्देशीय जल परिवहन से संबंधित अवसंरचना को बढ़ाने के लिए तमिलनाडु राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के तहत 93, 376 करोड़ रु. से अधिक मूल्य की 98 परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं को केन्द्रीय मंत्रालयों, आईडब्ल्यूएआई, भारतीय रेलवे, राज्य सरकार और महापत्तनों आदि द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, सागरमाला योजना के तहत, तमिलनाडु राज्य में 1240 करोड़ रु. की 22 परियोजनाओं का आंशिक रूप से वित्त पोषण कर रहा है। सागरमाला योजना के तहत तमिलनाडु में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिए गए है। **(अनुबंध-I)**

**(घ) और (च):** तमिलनाडु को 1,076 कि.मी. लंबी तटरेखा का गौरव प्राप्त है, जो कि भारत के समुद्री व्यापार को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य में तीन महापत्तन नामत: चैन्ने पत्तन, तुतीकोरिन पत्तन (वी.ओ.चिदंबरनार) और कामराजार पत्तन हैं जो भारत के कार्गो, विशेष रूप से कंटेनरीकृत एवं बल्क कार्गों के महत्पूर्ण हिस्से को हैंडल करते है। भारत के समुद्री व्यापार को बढ़ाने तथा वैश्विक संपर्कता को सुनिश्चित करने के लिए मुख्य अंतर्राष्ट्रीय नौवहन मार्गों के साथ इसकी अवस्थिति इसे महत्वपूर्ण बनाती है। सरकार, तमिलनाडु में निर्यातकों के लिए लागत को कम करने और लॉजिस्टिक्स में सुधार करने के लिए बड़े जलयानों को रखने के लिए, कार्गो हैंडलिंग को सुकर बनाने तथा पत्तन क्षमता को बढ़ाने के लिए तमिलनाडु में महापत्तनों पर पत्तन अवसंरचना के विकास और आधुनिकीकरण पर ध्यान दे रही है।

अनुबंध -I

तमिलनाडु राज्य में सागरमाला- वित्त पोषित परियोजनाओं की स्थिति

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | स्थिति | लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुड्डालोर, तमिलनाडु में पर्यटक जलयानों के लिए अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का सृजन | विकासाधीन | 11.00 | 11.00 |
| 2 | कन्याकुमारी में अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का सृजन | विकासाधीन | 4.18 | 3.87 |
| 3 | अग्नि तीर्थम, तमिलनाडु में पर्यटक जलयानों के लिए बर्थिंग सुविधाओं का सृजन | विकासाधीन | 7.81 | 7.81 |
| 4 | वी. ओ. चिदंबरनार में मत्स्य पालन महाविद्यालय के सामने एनएच 7क से सटे एक पूर्ण-विकसित ट्रक पार्किंग टर्मिनल का विकास और संचालन | पूर्ण | 25.00 | 10.00 |
| 5 | वीओसीपीटी में 15000 डीडब्ल्यूटी-150 मीटर लंबाई तक के जलयानों की हैंडलिंग के लिए 10.0 मीटर की ड्रेज्ड गहराई वाले तटीय बर्थ | पूर्ण | 36.00 | 30.00 |
| 6 | सीएचपीटी में तटीय कार्गो बर्थ | पूर्ण | 80.00 | 30.00 |
| 7 | कुड्डालोर पत्तन में प्रवेश चैनल के उत्तर और दक्षिण, दोनों ओर ब्रेकवाटर - बर्थ-1 - बर्थ-2 और कैपिटल ड्रेजिंग – प्रवेश चैनल से कार्गो बर्थ तक का निर्माण | पूर्ण | 135.00 | 67.50 |
| 8 | निर्यात कार्गो की हैंडलिंग के लिए चेन्नै पत्तन में पक्के भंडारण यार्ड का विकास | पूर्ण | 54.00 | 25.73 |
| 9 | चेन्नै पत्तन में बंकर बर्थ का निर्माण | पूर्ण | 44.00 | 22.00 |
| 10 | तमिलनाडु में नागपट्टिनम जिले के पूमपुहार में फिशिंग हार्बर का निर्माण | पूर्ण | 148.00 | 37.00 |
| 11 | तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में चिन्नामुत्तोमिन में फिशिंग हार्बर का विस्तार | पूर्ण | 74.00 | 18.38 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण I - तमिलनाडु | पूर्ण | 2.94 | 2.94 |
| 13 | कोरामपल्लम सरप्लस कोर्स ब्रिज और रेल ओवर ब्रिज को चौड़ा करने का निर्माण कार्य – पश्चिमी सीमा से टीटीपीएस तक सड़क को चौड़ा करने सहित आरओबी | पूर्ण | 42.00 | 20.00 |
| 14 | वीओसीपीटी में तटीय कार्गो बर्थ के लिए डॉक बेसिन की ड्रेजिंग – समर्पित तटीय बर्थ के सामने ड्रेजिंग | पूर्ण | 98.00 | 20.88 |
| 15 | पत्तनों – जलमार्गों और तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केंद्र – नया परिसर | पूर्ण | 77.03 | 39.67 |
| 16 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 - तमिलनाडु | कार्यान्वयनाधीन | 10.67 | 10.67 |
| 17 | तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के मूकाइयुर में फिशिंग हार्बर | पूर्ण | 113.90 | 28.48 |
| 18 | कुथकल, कुंथुकुल–तमिलनाडु में फिशिंग हार्बर | पूर्ण | 74.00 | 18.50 |
| 19 | विवेकानंद रॉक से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पर्यटकों के सुरक्षित परिवहन के लिए आधुनिक एलिवेटेड स्टील पुल | कार्यान्वयनाधीन | 31.05 | 15.53 |
| 20 | चेन्नै फिशिंग हार्बर परियोजना का आधुनिकीकरण | कार्यान्वयनाधीन | 99.85 | 49.93 |
| 21 | विल्लूंडी तीर्थम, तमिलनाडु में अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं का निर्माण | कार्यान्वयनाधीन | 3.66 | 3.66 |
| 22 | चेन्नै पत्तन प्राधिकरण में बर्थ संख्या 24बी (बीडी-II) के बैकअप क्षेत्रों में ट्रेलरों/ ट्रकों के लिए बफर पार्किंग यार्ड का विकास | कार्यान्वयनाधीन | 52.85 | 39.42 |

*****